Seat No. : _______________

# KL-105

**April-2014**

## T.Y.B.A. (Annual Pattern)

## Hindi, Paper-IX
## (Vyakaran/Bhasha-Lipi)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. भारोपीय परिवार का परिचय देते हुए उसमें हिंदी का स्थान बताइए । **11**

**अथवा**

प्रमुख आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का परिचय दीजिए ।

2. देवनागरी लिपि के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए । **11**

**अथवा**

हिंदी वर्तनी के प्रमुख नियमों पर प्रकाश डालिए ।

3. वर्ण का स्वरूप समझाते हुए हिंदी वर्णों का वर्गीकरण कीजिए । **11**

**अथवा**

सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके भेदों पर प्रकाश डालिए ।

4. विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का परिचय दीजिए । **11**

**अथवा**

हिंदी वाक्य रचना का परिचय देते हुए उसके भेदों पर प्रकाश डालिए ।

5. किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : **12**
   (1) द्रविड़ परिवार
   (2) हिंदी शब्द-समूह
   (3) क्रिया के काल
   (4) संज्ञा के भेद

6. सूचना के अनुसार कीजिए : **14**
   (अ) खाली जगह भरिए :
      (1) 'काला' ______ वाचक विशेषण है ।
      (2) 'तुम' ______ वाचाक सर्वनाम है ।
      (3) ______ वाचक संज्ञा से नाप-तौलवाली वस्तु का बोध होता है ।
      (4) रचना की दृष्टि से वाक्य के ______ प्रकार होते हैं ।
      (5) 'का' ______ कारक का विभक्ति-चिह्न है ।

(ब) सही विकल्प चुनकर खाली जगह भरिए ।

(1) गुजराती ______ अपभ्रंश से उत्पन्न हुई है ।

(महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी)

(2) कन्नड़ ______ राज्य की भाषा है ।

(आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक)

(3) पंजाबी मुख्यत: ______ लिपि में लिखी जाती है ।

(देवनागरी, गुरुमुखी, कैथी)

(4) अंग्रेज़ी भारोपीय कुल के ______ उपकुल की भाषा है ।

(आर्मेनियन, जर्मनिक, भारत-ईरानी)

(5) भोजपुरी ______ हिंदी वर्ग की बोली है ।

(राजस्थानी, पश्चिमी, बिहारी)

(क) सही जोड़े मिलाइए ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | विशेषण | – | (1) | धीमे |
| (2) | क्रिया विशेषण | – | (2) | पीला |
| (3) | मलयालम | – | (3) | आंध्रप्रदेश |
| (4) | तेलगू | – | (4) | केरल |